आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 03.04.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- पश्चिमी एशिया संघर्ष के वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है।
- शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा है कि शहरों को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।
- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खजान दास ने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- शिक्षा मंत्रालय ने यू.जी.सी. की सलाह पर एन.सी.ई.आर.टी. को एक विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय घोषित किया है।

----------

**एलपीजी की आपूर्ति**

पश्चिमी एशिया संघर्ष के वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है। इंडियन ऑयल ने कहा है कि उसने रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित कर रही है। यह वितरण मौजूदा भू–राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य स्तरों के अनुरूप है। कंपनी ने ग्राहकों को एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए एस.एम.एस और आई.वी.आर.एस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

इंडियन ऑयल ने कहा कि वर्तमान में लगभग 87 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त होती हैं। सोशल मीडिया और ग्राहक शिकायतों के माध्यम से कुछ एलपीजी वितरकों की अनियमितताओं की रिपोर्ट सामने आई हैं। कंपनी ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने के लिए कई टीमें तैनात की गई हैं।

**शहरी विकास**

प्रदेश में शहरी विकास को लेकर सरकार ने बड़ा लक्ष्य तय किया है। शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा है कि शहरों को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें, सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और साफ–सफाई सरकार की प्राथमिकता में हैं। इसके साथ ही जल निकासी, पेयजल और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शहर का विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम जनता की भागीदारी भी जरूरी है। लोगों को स्वच्छता, यातायात नियमों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा।

## नगर निगम

देहरादून में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नगर निगम देहरादून में जुगमन्दर हॉल का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकार्पण किया। इस दौरान शहर के विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जुगमन्दर हॉल देहरादून में सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय कलाकारों और प्रतिभाओं को नया मंच मिलेगा। इस मौके पर नगर आयुक्त नमामि बंसल ने कहा कि यह हॉल देहरादून की ऐतिहासिक धरोहर के रुप में संरक्षित किया गया है।

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खजान दास ने विधानसभा स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि होर्डिंग, प्रचार और अन्य माध्यमों से इन योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय–समय पर योजनाओं की समीक्षा की जाए और काम में पूरी निष्ठा दिखाई जाए। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने छात्रवृत्ति वितरण और मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत कौशल विकास कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।

## यू.जी.सी

शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यू.जी.सी. की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एन.सी.ई.आर.टी. को एक विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय घोषित किया है। मंत्रालय ने कहा कि इस संबंध में यूजीसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया था। इसके बाद, यूजीसी विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर विचार किया गया और एन.सी.ई.आर.टी. को मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।

## बागेश्वर

बागेश्वर जिले के गरूड़ में कुमाऊं की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़े तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से महोत्सव का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी और इसे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताया। कत्यूर महोत्सव के पहले दिन राजकीय इंटर कॉलेज गरुड़ से ऐतिहासिक बैजनाथ मंदिर तक भव्य झांकी निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों, ढोल–दमाऊं की थाप और लोकगीतों के बीच निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को उत्सव के रंग में रंग दिया। झांकी में स्थानीय संस्कृति और कत्यूर काल की झलक विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पीएमजीएसवाई अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कत्यूर महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान है तथा यह कुमाऊं और गढ़वाल की साझा विरासत को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

## सहकारिता

राज्य सरकारी बैंकों एवं जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत कर दो सौ उनहत्तर दशमलव सात दो करोड़ का लाभ अर्जित किया है। एनपीए नियंत्रण के मोर्चे पर भी बैकों ने सख्त वित्तीय अनुशासन दिखाते हुये उनतालीस दशमलव आठ आठ करोड़ का एनपीए कम किया है, जोकि विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 6 फीसदी से अधिक कम हुआ है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते प्रदेश में सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

## गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे है। आज ही के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। इस अवसर पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में गुड फ्राइडे का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। संत तेरेसा चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें ईसा मसीह के दुःख भोग और बलिदान को याद किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।